प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 24.08.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

- ❖ **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन मे जनपद के समस्त थानों मे नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओ का किया जा रहा निस्तारण**
- ❖ **महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, स्कमहिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा जागरुक**
- ❖ **सभी का उद्देश्य जनकल्याण व मानव समाज की सेवा करना शासन-प्रशासन महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान व उनके उत्थान व सशक्तिकरण हेतु है प्रतिबद्ध**
- ❖ **समस्त थानों की महिला पुलिस कर्मी व एण्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिरों बाजारों, स्कूलों/कालेजों व प्रमुख मार्गो पर चेकिंग भी की जा रही है।**

उ0प्र0 शासन की मंशा के अनुरुप मिशन शक्ति अभियान (फेज -4) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आज दिनांक 24.08.2024 को जनपद महोबा के समस्त थानों में नियुक्त एण्टीरोमियो /शक्ति दीदी टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनचौपाल का आयोजन कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में शुरुआत की गई है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना/ पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु **"शक्ति दीदी"** नियमित रुप से ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया व कराया जा रहा है।

जनचौपाल में उपस्थित महिलाओ एवम् बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन) फेज़-4 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं मे उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना,फ्री सिलाई मशीन योजना,सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये त्वरित कार्यवाही की जायेगी।








उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 24.08.2024
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा
उत्तर प्रदेश पुलिस

**श्रीमान मण्डलायुक्त, डीआईजी चित्रकूटधाम तथा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संयुक्त रुप से उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत जनपद महोबा के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया एवं परीक्षा को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बने सीसीटीवी मॉनीटरिंग कण्ट्रोल रूम पहुंच परीक्षा केन्द्रों की निगरानी की गई व संबंधित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश-**

जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व/निर्देशन में पुलिस आरक्षी पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। महोबा पुलिस-प्रशासन पारदर्शी, निष्पक्ष और नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जनपदीय पुलिस के सभी अधिकारी परीक्षा केन्द्रों/हेल्प डेस्क सेन्टर/विश्राम स्थलों में लगातार भ्रमणशील हैं, पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल, शांतिपूर्ण व शुचितापूर्ण संपन्न हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं...।

इसी क्रम में आज दिनांक 24.08.2024 को श्रीमान मण्डलायुक्त श्री बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री अजय कुमार सिंह तथा जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से आज दिनांक 24.08.2024 को जनपद महोबा में आयोजित हो रही उ0प्र0 नागरिक पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद महोबा के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है एवं पुलिस भर्ती परीक्षा को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा जनपद महोबा में पुलिस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये आये हुए अभ्यर्थियों के रुकने/विश्राम हेतु बनाये गये स्थानों का औचक निरीक्षण कर/ सुविधाओं/व्यवस्थाओं को परखा गया, अभ्यर्थियों के सुगम आवागमन के लिये उनकी सहायतार्थ बनाये गये "हेल्प डेस्क" का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया गया तथा अभ्यर्थियों से वार्ता कर उनका कुशलक्षेम पूछा गया तथा परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में जनपद महोबा में यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षा को सकुशल कराने के लिए फूलप्रूफ प्लान बनाया गया है। शनिवार और रविवार को दो पालियों में होने वाली परीक्षा को लेकर सुरक्षा के कडे प्रबंध किए हैं। सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जा रही है। एग्जाम के दौरान एग्जामिनेशन रूम और कैम्पस में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग न हो सके इसके लिए 'जैमर' लगाए गये हैं। परीक्षा के लिए विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फील्ड में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कड़ें निर्देश दिए गए हैं कि यदि किसी भी परीक्षार्थी को किसी प्रकार की असुविधा हो रही है तो तत्काल सम्बन्धित अभ्यर्थी की हर संभव मदद कर समय से उसे परीक्षा केंद्र पहुंचाने में सहायता करेंगे ! जनपद महोबा में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं गतिमान बनाये रखने हेतु परीक्षा केंद्र वाले प्रत्येक मार्ग पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है जो लगने वाले जाम को जल्द से जल्द खुलवाने का काम करेंगे।

## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों एवं कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में संचालित अवैध जुआ एवं सट्टा के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री गोपालचन्द्र कनौजिया द्वारा गठित की गई उ.नि. राजेन्द्र प्रसाद यादव मय हमराह उ.नि. नरोत्तम सिंह, उ.नि. नन्द कुमार मिश्रा व कां. सोनू खान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर खास कि सूचना पर सार्वजनिक स्थान ग्राम बरभौली के पास ताश पत्तों से रुपये पैसों की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 01.शम्भू श्रीवास पुत्र स्व गुलुवा उम्र करीब 55 वर्ष 02.देवेन्द्र सिंह कुशवाहा पुत्र रामकिशुन उम्र 30 वर्ष 03.राजेश श्रीवास पुत्र राजबहादुर उम्र 27 वर्ष 04.राकेश पुत्र लोटन श्रीवास उम्र करीब 35 वर्ष निवासीगण ग्राम बरभौली थाना खन्ना जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 52 अदद ताश पत्ता , मालफड 530 रु. , जामा तलाशी 350 रुपये बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना खन्ना में मु.अ.सं. 118/2024 धारा 13 जुआ अधि. पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

**बरामदगी का विवरणः-**

52 अदद ताश पत्ता, मालफड 530 रु., जामा तलाशी 350 रुपये

**गिरफ्तार करने वाली टीम -**

1. उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद यादव 2. उ0नि0 नरोत्तम सिंह 3. उ0नि0 नन्द कुमार मिश्रा 4. कां सोनू खान



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 24.08.2024
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने नाबालिग का यौन उत्पीडन करने वाले वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों एवं कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार मय हमराह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक नफर वांछित अभियुक्त अजय पुत्र चन्द्रभान उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम अठघार थाना खन्ना जनपद महोबा सम्बन्धित मु0अ0स0 192/24 धारा 351(2)(3)/74/75(2) बीएनएसएस व 7/8 पाक्सो एक्ट को ग्राम पिडारी तिराहा थाना कबरई जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया, बाद गिरफ्तारी अभियुक्त को सम्बन्धित माननीय न्यायधीश के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार
2. कां0 नरेन्द्रबाबू

### गिरफ्तार अभियुक्त-

अजय पुत्र चन्द्रभान उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम अठघार थाना खन्ना जनपद महोबा।



## थाना खरेला की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों एवं कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में थानाध्यक्ष खरेला श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गई उ0नि0 अवनीश कुमार यादव मय हमराह कर्मचारीगण द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध शस्त्र के साथ एक नफर अभियुक्त अरविन्द उर्फ चुन्टा राजपूत पुत्र विजय बहादुर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बल्लाय थाना खरेला जनपद महोबा को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे पुल के पास गुदेला जाने वाली सडक के पास ग्राम परथनिया से गिरफ्तार किया गया, इस दौरान अभि0 के कब्जे से 01 अदद दो नाली तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद की गई। इस गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना खरेला में मु0अ0सं0 93/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। सम्बन्धित अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

**1.** उ0नि0 अवनीश कुमार यादव **2.** का0 अरविन्द दुबे **3.** का0 शोयब खांन

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

अरविन्द उर्फ चुन्टा राजपूत पुत्र विजय बहादुर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बल्लाय थाना खरेला जनपद महोबा

**बरामदगी-** एक अदद दो नाली तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद होना



## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने एक नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों एवं कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 विजय शंकर पाण्डेय मय हमराह हे0का0 ओमप्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मा0 न्यायालय प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय महोबा द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम में 01 नफर वारण्टी अभियुक्त 1.हजारीलाल पुत्र कमतू निवासी उम्र 42 वर्ष ग्राम ढिकवाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा सम्बन्धित भरण पोषण याचिका सं0 27/2020 धारा 128 सीआरपीसी से सम्बन्धित अभियुक्त को ग्राम ढिकवाहा थाना श्रीनगर से गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 विजय शंकर पाण्डेय 2. हे0का0 ओमप्रकाश

### गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त -

हजारीलाल पुत्र कमतू निवासी उम्र 42 वर्ष ग्राम ढिकवाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा



## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने एक नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों एवं कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई उ0नि0 राजेश कुमार मय हमराह कां0 अरुण यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी एसटी कोर्ट महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारंट के क्रम में वारण्टी अभियुक्त रन्नो मिश्रा उर्फ धीरेन्द्र कुमार पुत्र मुन्ना मिश्रा उर्फ कृष्ण बिहारी उम्र करीब 33 वर्ष नि0 ग्राम छितरवारा थाना महोबकंठ जनपद महोबा सम्बन्धित परिवाद सं0 65/18 धारा 323/504/506 भादवि व 3(1)5,ध,3(2)5क एससी एसटी एक्ट थाना महोबकंठ को ग्राम छितरवारा से गिरफ्तार किया गया तथा वारंटी उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-** 1. उ0नि0 राजेश कुमार 2.कां0 अरुण यादव

**गिरफ्तार अभियुक्त -** रन्नो मिश्रा उर्फ धीरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 मुन्ना मिश्रा उर्फ कृष्ण बिहारी उम्र करीब 33 वर्ष नि0 ग्राम छितरवारा थाना महोबकंठ जनपद महोबा

